वारदात

पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, शराब के नशे में अक्सर पत्नी से मारपीट और विवाद करता था

# पत्नी के मायके जाने से खफा पिता ने की बेटी की हत्या





**अनूपपुर, नवभारत 3 जून।** अनूपपुर जिले के राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेंदी में रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। पत्नी के मायके से वापस नहीं लौटने से नाराज एक पिता ने अपनी ही चार वर्षीय मासूम बेटी की गला काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम बेंदी निवासी अमरवती मरावी ने बताया कि उसका पति गोवर्धन सिंह मरावी शराब के नशे में अक्सर मारपीट और विवाद करता था। प्रताड़ना से परेशान होकर वह करीब आठ दिन पहले अपनी चार वर्षीय बेटी प्रीति मरावी और एक वर्षीय बेटे के साथ मायके ग्राम केशवानी चली गई थी।

### बेटी प्रीति को जबरन अपने साथ ग्राम बेंदी ले आया

बताया गया कि 30 मई को गोवर्धन सिंह पत्नी के मायके पहुंचा और उसे वापस घर चलने के लिए कहा, लेकिन पत्नी ने उसके शराब छोड़ने तक साथ जाने से इंकार कर दिया। इसके बाद आरोपी अपनी बेटी प्रीति को जबरन अपने साथ ग्राम बेंदी ले आया।

### पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव पंचनामा कार्रवाई के बाद आरोपी के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराव ने बताया कि आरोपी शराब का आदी था और पत्नी से आए दिन मारपीट करता था। पत्नी के मायके चले जाने से वह नाराज था। उसने पहले फोन पर धमकी दी और बाद में घटना को अंजाम दे दिया।

### पत्नी घर नहीं लौटी तो बेटी को मारने की दी थी धमकी

महिला ने पुलिस को बताया कि सोमवार-मंगलवार की रात उसकी बहन के मोबाइल पर गोवर्धन का फोन आया। उसने धमकी दी कि यदि पत्नी घर वापस नहीं आई तो वह बेटी को मार देगा। सूचना मिलते ही महिला अपने माता-पिता के साथ ससुराल पहुंची, जहां आरोपी घर पर नहीं मिला। परिजनों ने बच्ची की तलाश की तो घर के भीतर उसका खून से लथपथ शव मिला। बच्ची का गला कटा हुआ था और उसकी मौत हो चुकी थी।

## दहेज प्रताड़ना से नवविवाहिता की संदिग्ध मौत



अनूपपुर में दहेज प्रताड़ना के चलते नवविवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में कोतवाली पुलिस ने मृतका के पति राज वंशकार और सास ज्योति वंशकार को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर निवासी 21 वर्षीय नवविवाहिता हेमा वंशकार की 13 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतका को फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाए जाने के बाद जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में थाना कोतवाली अनूपपुर में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई।

### दो लाख रुपये की मांग को लेकर प्रताड़ित करता था

जांच के दौरान मृतका के मायके पक्ष के परिजनों एवं गवाहों ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही पति राज वंशकार एवं सास ज्योति वंशकार द्वारा दहेज में दो लाख रुपये और मोटरसाईकिल की मांग को लेकर हेमा को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोपियों द्वारा गाली-गलौज और मारपीट किए जाने की बात भी सामने आई। पुलिस जांच में यह पाया गया कि विवाह के सात वर्ष के भीतर दहेज प्रताड़ना के कारण हेमा वंशकार की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हुई है।



## अंधी हत्या का खुलासा : प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या करने वाले 4 गिरफ्तार

पोखरी डैम में रेत भरी बोरी से बंधा मिला था युवक का शव

**अनूपपुर, नवभारत 3 जून।** भालूमाड़ा थाना क्षेत्र में हुए सनसनीखेज अंधे हत्याकांड का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। प्रेम प्रसंग के चलते युवक की गला घोंटकर हत्या कर शव को पोखरी डैम में फेंकने वाले चार आरोपियों किशन चौधरी, कृष्णाम कुमार चौधरी, राजकुमार रैदास एवं चंदन प्रसाद चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार 2 जून को सूचना मिली थी कि पोखरी डैम ओसीएम छोहरी में एक अज्ञात युवक का शव पानी में तैर रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान ग्राम छोहरी निवासी सनि उर्फ मोटू सहीस के रूप में की गई। शव के कमर में रस्सी से रेत भरी बोरी बंधी हुई थी। मृतक सनि सहीस का आरोपी की सगी भांजी के साथ पिछले 3-4 वर्षों से प्रेम संबंध था। इसकी जानकारी लड़की के परिवार वालों को होने पर उन्होंने कई बार सनि को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना।

### रस्सी से गला घोंटकर की थी हत्या

इसी बात से नाराज होकर लड़की के मामा ने अपने साथी, चचेरे भाई एवं पड़ोसी के साथ मिलकर सनि की हत्या की योजना बनाई। 29 मई की रात करीब 8.30 बजे चारों आरोपी सनि को मोटरसाईकिल से बड़ी पुलिया के पास ले गए, जहां रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से उसे ओसीएम के पोखरी डैम में फेंक दिया गया।

एक नजर में

## आंचल पुरी ने जेईई एडवांस 2026 में एसटी श्रेणी में हासिल की ऑल इंडिया रैंक-1



**अनूपपुर, नवभारत।** जिले की प्रतिभाशाली छात्रा आंचल पुरी ने देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस 2026 में शानदार सफलता हासिल करते हुए एसटी श्रेणी में ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त कर अनूपपुर सहित पूरे मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया है। आंचल पुरी ग्राम एवं पोस्ट पयारी नंबर-1 जिला अनूपपुर की निवासी हैं। उनके पिता रविशंकर पुरी शिक्षक हैं। आंचल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा शासकीय माध्यमिक विद्यालय पयारी नंबर-1 से प्राप्त की। इसके बाद कक्षा 6वीं से 12वीं तक की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक से पूरी की। जेईई मेन एवं जेईई एडवांस की तैयारी के लिए उन्होंने एक वर्ष तक वाराणसी में विशेष अध्ययन किया। कठिन परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा माता-पिता के निरंतर सहयोग के बल पर उन्होंने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।



### नाबालिग छात्रा से छेड़खानी करने वाला गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत।** कोतवाली अनूपपुर पुलिस ने 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा से छेड़खानी करने वाले आरोपी प्रीतम प्रसाद कोरी को घटना के कुछ ही समय बाद गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 6 बजे नाबालिग बालिका ने थाना कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि वह रेलवे स्टेशन के पास से कोचिंग पढ़ने जा रही थी। इसी दौरान एक युवक ने उसका रास्ता रोककर हाथ पकड़ लिया और बुरी नियत से छेड़खानी की। छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग निकला। शिकायत मिलते ही थाना प्रभारी अरविन्द जैन के नेतृत्व में गठित टीम तत्काल सक्रिय हुई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर आरोपी की पहचान की और पीछा कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रीतम प्रसाद कोरी निवासी ग्राम दुलहरा के रूप में हुई है।

## माडाकोट के जंगल में चार हाथियों ने डाला डेरा



**अनूपपुर, नवभारत।** छत्तीसगढ़ के मरवाही वन मंडल अंतर्गत माडाकोट गांव के जंगल में बुधवार को चार हाथियों का समूह दिनभर विश्राम करता नजर आया। जानकारी के अनुसार यह समूह सुबह मरवाही वन परिक्षेत्र की गुल्लीडांड बीट के कक्ष क्रमांक पीएफ 2025 स्थित वन तालाब के पास पहुंचा और पेड़ों की छांव में लेटकर आराम करता रहा। बताया गया कि यह हाथियों का समूह पिछले कई महीनों से छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश की सीमा से लगे वन क्षेत्रों में लगातार विचरण कर रहा है। इनमें से तीन हाथी लगभग 161 दिन पूर्व छत्तीसगढ़ के कटघोड़ा वन मंडल के जड़गा वन परिक्षेत्र में मौजूद 50 से अधिक हाथियों के बड़े दल से अलग होकर स्वतंत्र रूप से घूम रहे थे। बाद में एक अन्य हाथी भी इनके साथ शामिल हो गया, जिसके बाद समूह में कुल चार हाथी हो गए। यह हाथी दल छत्तीसगढ़ के मरवाही क्षेत्र के साथ-साथ मध्यप्रदेश के अनूपपुर, शहडोल एवं डिंडोरी जिले की सीमाओं से लगे जंगलों में लगातार आवाजाही करता रहा है।



## कार्यकर्ता आत्मचिंतन करें, हम कहां खड़े हैं : साहू

**अनूपपुर, नवभारत 3 जून।** भारतीय जनता पार्टी राजेंद्रग्राम मंडल की बैठक मंगलवार को भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष जागेश्वर चंद्रवंशी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा जिला प्रभारी संजय साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन दिया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी संजय साहू ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को आत्मचिंतन करना चाहिए कि संगठन में उसकी भूमिका क्या है और वह किस स्थिति में खड़ा है। उन्होंने कहा कि बूथ एवं शक्ति केंद्र संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाइयां हैं। जब तक जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत नहीं किया जाएगा, तब तक चुनावी सफलता प्राप्त करना कठिन होगा।

### संगठन विस्तार का कार्य करने किया आह्वान

उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर संगठन विस्तार का कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून तक विशेष जनसंपर्क एवं जनकल्याण अभियान चलाया जाएगा।

## 1,640 अग्निवीरों ने राष्ट्र सेवा के पथ पर बढ़ाया कदम

**नवभारत, जबलपुर।** मुख्यालय मध्य भारत एरिया, जबलपुर के अंतर्गत दो सैन्य समारोहों में 1,640 अग्निवीर भारतीय सेना में शामिल हुए। द ग्रेनेडियर्स के 872 व जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर के 768 अग्निवीरों के सातवें बैच ने 24 सप्ताह का कठोर प्रशिक्षण पूर्ण कर औपचारिक अटेस्टेशन किया। द ग्रेनेडियर्स परेड की समीक्षा मेजर जनरल राकेश मनोचा (कमांडर जूनियर लीडर विंग, बेलगावी) और जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स परेड की समीक्षा ब्रिगेडियर कमांडेंट उदय सम्याल ने की। ये नव-प्रशिक्षित सैनिक अब देश की विभिन्न यूनिटों में परिचालन जिम्मेदारियाँ संभालेंगे।

प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अग्निवीरों को समारोह में सम्मानित किया गया। इस दौरान शारीरिक क्षमता विकास, हथियार संचालन, युद्ध क्षेत्र कला, सामरिक कौशल तथा सैन्य मूल्यों का कड़ा प्रशिक्षण दिया गया। परेड को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महोदय ने अग्निवीरों को तिरंगे के प्रति अपनी पवित्र शपथ का पालन करने तथा रेजिमेंट और राष्ट्र की उच्चतम अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा कि आधुनिक युद्ध में उच्च स्तर की सैन्य क्षमता के साथ अत्याधुनिक तकनीक का समन्वय अनिवार्य है। दोनों गौरवपूर्ण समारोहों में अग्निवीरों के गर्वित परिजन, विशिष्ट अतिथि तथा सैन्य अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## रुद्रगंगा नदी के उद्गम स्थल में किया श्रमदान




पुष्पराजगढ़ में जल गंगा संवर्धन अभियान आयोजित

**अनूपपुर, नवभारत 3 जून।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखंड में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अभियान के तहत जन अभियान परिषद के नेतृत्व में सेवा दल, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने माँ नर्मदा की सहायक नदी रुद्रगंगा के उद्गम स्थल पर पहुंचकर वृहद स्तर पर सामूहिक श्रमदान किया। इस दौरान उद्गम स्थल एवं आसपास के क्षेत्र में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया। श्रमदान के माध्यम से जल स्रोतों को स्वच्छ एवं संरक्षित रखने का संदेश दिया गया। स्वच्छता अभियान के बाद जागरूकता यात्रा ग्राम मोहदी, पडरीटोला, खाले, हर्राई एवं रुदी टोला पहुंची।

### जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने की दिलाई शपथ

ग्रामीण क्षेत्रों में जन चौपाल एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। ग्रामीणों को नदियों एवं पारंपरिक जल स्रोतों में कचरा न फेंकने तथा प्राकृतिक जल प्रवाह को सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान में विकासखंड समन्वयक पुष्पराजगढ़ फते सिंह, नवांकुर संस्था चंद्रशेखर आजाद के प्रतिनिधि, प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी, परामर्शदाता, छात्र-छात्राएं तथा स्थानीय सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

शिविर

परसवार में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित, अधिकांश आवेदनों का किया गया निराकरण

## समस्याओं का समाधान प्रशासन की पहली जिम्मेदारी : सीईओ



**अनूपपुर, नवभारत।** जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत परसवार में जिला प्रशासन के तत्वावधान में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान शासन-प्रशासन की पहली जिम्मेदारी है।

उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्रतिबद्धता है और जनता की संतुष्टि ही प्रशासन की वास्तविक सफलता का मापदंड है।

### शिविर में 99 आवेदन प्राप्त हुए

शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट्ट सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर के दौरान कुल 99 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही संबंधित विभागों के मैदानी अधिकारियों द्वारा निराकरण कर हितग्राहियों को राहत प्रदान की गई।

### योजनाओं की जानकारी देने लगाए गए थे स्टॉल

शेष आवेदनों के निराकरण के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से पशुपालन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, विद्युत, कृषि, उद्यानिकी, सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विकास प्रदर्शनी एवं जानकारीपरक स्टॉल लगाए गए।

### ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य भुवनेश्वरी धुर्वे, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग विनोद परस्ते, जनपद पुष्पराजगढ़ सीईओ गणेश कुमार पांडेय, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## नशामुक्ति और संस्कार निर्माण का दिया संदेश

कार्यकर्ता कौशल श्रद्धा संवर्धन शिविर आयोजित

**अनूपपुर नवभारत 3 जून।** शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन एवं मध्यप्रदेश जोन भोपाल के मार्गदर्शन में उपजोन अमरकंटक में चार दिवसीय कार्यकर्ता कौशल श्रद्धा संवर्धन शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का संचालन प्रांतीय प्रशिक्षक टोली द्वारा किया गया, जिसमें लगभग 100 प्रशिक्षणार्थियों ने सहभागिता कर विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं देव पूजन के साथ हुआ। प्रशिक्षक डॉ. रमेश अभिलाषी, सहायक टोली नायक विक्रम सिंह पाटीदार, संगीत प्रशिक्षक सौरभ गुप्ता तथा उपजोन प्रभारी जे.पी. सिंह की उपस्थिति में अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। शिविर के दौरान कर्मकांड की बारीकियों, कार्यकर्ता आचार संहिता तथा युग निर्माण के सिद्धांतों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

### नशामुक्ति रैली निकाली गई

समापन दिवस पर विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर अमरकंटक नगर में नशामुक्ति रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से युवाओं और नागरिकों को नशे से दूर रहने तथा भारत को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया गया। अंतिम दिन गायत्री शक्तिपीठ परिसर में औषधीय पौधे तीखुर का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।